sp;

Need to make adequate provision in Railway Budget to look into the accidental deaths in Mumbai suburban trains.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। ठाणे से मुम्बई एवं कल्याण के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों के बढ़ते हुए हादसों के कारण केन्द्र सरकार द्वारा मुम्बई उपनगरीय रेलवे प्रणाली में हो रही आकस्मिक मौतों की बढ़ती प्रवृत्तियों की समीक्षा नाम की एक कमेटी का गठन किया गया था जिसका मैं भी एक सदस्य हूं। दिनांक 12.12.2015 की कमेटी मीटिंग में सदस्यों द्वारा मुम्बई लोकल ऐक्सीडेंट में कमी लाने हेतु कुछ सुझाव दिए गए थे एवं उन कामों को पूरा करने के लिए 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान रेल बजट में करने हेतु सरकार को सिफारिश की गई थी। लेकिन मुझे खेद है कि ऐसा नहीं हो पाया। मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि वे उपर्युक्त कमेटी के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं उन कामों को पूरा करने के लिए 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान रेल बजट में करने की कृपा करें। धन्यवाद।